राज्य निर्वाचन आयोग, झारखण्ड

'निर्वाचन भवन'

न्यू मार्केट चौक, रातू रोड, राँची – 834001

अनुपयोगी कार्यालय सामग्री/ उपस्कर का निष्पादन

<u>अल्पकालीन निविदा सूचना</u>

राज्य निर्वाचन आयोग, झारखण्ड के कार्यालय में उपलब्ध अनुपयोगी/ कंडम सामग्री एवं उपस्कर के निष्पादन हेतु वित्तीय रुप से सक्षम व्यक्ति/संस्था/ लघु आकार उद्यम/ झारखण्ड सरकार से निबंधित संवेदक से "as Is where is" के आधार पर सीलबंद लिफाफे में निम्नलिखित शर्तों के साथ निविदा आमंत्रित किया जाता है :–

1. (i) अनुपयोगी/ कंडम फर्नीचर सामग्रियों का दर एकमुष्त प्रस्तुत किया जाएगा।

   (ii) अनुपयोगी/ कंडम इलेक्ट्रॉनिक एवं इलेक्टोनिकल सामग्रियों का दर एकमुष्त प्रस्तुत किया जाएगा।

   (iii) रद्दी लौह सामग्री, रद्दी इलेक्ट्रॉनिक सामग्री, तथा रद्दी PVC सामग्री का दर एकमुश्त प्रस्तुत किया जाएगा।

2. निष्पादन हेतु रखी गई सामग्रियों की अनुसूची– कमषः (i) (ii) तथा (iii) का निरीक्षण कार्य दिवस में पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 3:00 बजे तक आयोग कार्यालय में किया जा सकता है।

3. निविदा के साथ 10,000 रुपये का डिमान्ड ड्राफ्ट सचिव, राज्य निर्वाचन आयोग, झारखण्ड, राँची के पदनाम से सुरक्षित जमा राशि के रुप में संलग्न किया जाए। उपरोक्त कंडिका 1 के कमं संख्या (i), (ii) तथा (iii) हेतु अलग–अलग निविदा तथा सुरक्षित जमा राशि संलग्न करना आवश्यक होगा। सुरक्षित जमा राशि के बिना प्रस्तुत निविदा को रद्द कर दिया जाएगा।

4. सफल निविदादाता द्वारा खरीदी गई सामग्रियों की राषि का कुल भुगतान 24 घंटे के अन्दर ही करना होगा।

5. वैध GSTIN/UIN नम्बर अनिवार्य है, अद्यतन आयकर रिटर्न की प्रति निविदा के साथ संलग्न करना आवश्यक होगा।

6. निविदा में कय हेतु प्रस्तुत की गई दर सभी कर सहित होंगे।

7. सफल निविदादाता द्वारा भुगतान के उपरान्त सभी सामग्रियों का उठाव 7 दिनों के अन्दर कर लेना होगा।

8. निविदा की शर्तों का उल्लंघन करने की स्थिति में कानूनी कार्रवाई करने का अधिकार केवल अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।

9. निविदा के आंशिक भाग या पूर्ण निविदा को बिना कारण बताए संशोधित करने या रद्द करने का अधिकार आयोग के पास सुरक्षित रहेगा।

10. निविदा खोलते समय निविदादाता या उनके अधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।

सीलबन्द निविदा दिनांक **16.11.2021** के 5:00 बजे अपराह्न तक आयोग के कार्यालय में जमा किया जा सकेगा। सभी निविदा दिनांक **17.11.2021** को पूर्वाह्न 11:00 बजे खोले जाएंगे। निविदा के शर्तें आयोग के वेबसाईट www.secjharkhand.nic.in पर भी देखी जा सकती है।

राज्य निर्वाचन आयुक्त के आदेश से,

ह0/–

सचिव

राज्य निर्वाचन आयोग,

झारखण्ड, राँची।